मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 | अंक - 29 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 10 अप्रैल से 16 अप्रैल 2023 | पृष्ठ : 4 | कीमत : 3 /- रुपये




## 19वां समाज रत्न सम्मान समारोह नई दिल्ली में 14 मई को

**नई दिल्ली,** चार कदम समाचार पत्र, चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन, चार कदम वेलफेयर एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा समाज रत्न सम्मान समारोह कार्यक्रम दिनांक 14 मई 2023, दिन रविवार समय सुबह 11 : 00 बजे, स्थान :- न्यू महाराष्ट्र सदन कर्जन रोड, नई दिल्ली में आयोजित किया गया है।




पिछले 18 वर्षों से लगातार चार कदम समाचार पत्र और चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन समाज रत्न सम्मान समारोह करते आ रहे हैं जिसमें समाज में अग्रणी कार्य करने वाले लोगों को समाज रत्न सम्मान से सम्मानित करते हैं और गरीब व बेसहारा बच्चो को स्टेशनरी देकर उनकी मदद करते हैं व महिलाओं के लिए सिलाई मशीन देकर उन्हें रोजगार देने का कार्य करते हैं। संस्था इस वर्ष भी अपना 19वां समाज रत्न सम्मान समारोह दिल्ली के महाराष्ट्र सदन के ऑडिटोरियम में करने जा रही हैं। संपादक जय किशन ठाकुर ने समाज बंधुओं से समय पर उपस्थित रहने की अपील की है।

# जर्जर पुरानी इमारतों का मुद्दा एक बार फिर सुर्खियों में

## ३० वर्षों से अधिक पुरानी इमारतों के ऑडिट की जरूरत



**मुंबई,** मानसून के दौरान मुंबई में पुरानी, जर्जर इमारतों में हादसों का होना आम हो चुका है इसलिए जैसे-जैसे मानसून करीब आ रहा है, मुंबई व आसपास के क्षेत्र की जर्जर पुरानी इमारतों का मुद्दा एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। वर्तमान में मुंबई की २०० इमारतों पर खतरा मंडरा रहा है, ऐसा खुलासा मुंबई मनपा द्वारा हाल ही में किए गए सर्वे में हुआ है।

बता दें कि मुंबई मनपा द्वारा हाल ही में किए गए प्री-मानसून सर्वे के अनुसार, पूरी मुंबई में २१६ जर्जर इमारतों की पहचान की गई है, जो मानसून के दौरान संवेदनशील मानी जा रही हैं। गौरतलब हो कि पिछले साल यह संख्या ४८९ थी। जिनमें से ११० इमारतों के निवासियों ने बेदखली के आदेश को चुनौती देते हुए अदालत का रुख किया है और नौ मामले तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) के पास लंबित हैं, जबकि बीएमसी ने किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए ९७ इमारतों को खाली करने का नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है।

आंकड़ों के अनुसार, सबसे जीर्ण-शीर्ण इमारतें (११४) पश्चिमी क्षेत्र में हैं, उसके बाद (६६) पूर्वी उपनगरों में और (३६) द्वीप शहर में हैं। पिछले साल जून महीने में कुर्ला के पास घर गिरने से १९ लोगों की मौत हुई थी।

मनपा की नीतियों के अनुसार, ३० वर्षों से अधिक पुरानी इमारतों के ऑडिट की जरूरत होती है। एक सर्वे के अनुसार मनपा हर साल अलग-अलग श्रेणियों में इमारतों को वगीर्कृत करती है और तय करती है कि उन्हें पूरी तरह से ध्वस्त किया जाना चाहिए या मरम्मत की अनुमति दी जानी चाहिए? जिन इमारतों को तुरंत गिराए जाने की जरूरत होती है, उन्हें सी-१ के रूप में चिह्नित किया जाता है। निवासी खाली नहीं करते हैं तो बिजली और पानी की आपूर्ति बंद करने के कड़े कदम उठाए जाते हैं।

## दूध डेरी व्यवसाय की आड़ में रेल टिकटों की कालाबाजारी



**कल्याण.** दूध की डेरी की आड़ में रलवे टिकटों की कालाबाजारी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है. इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उससे 1,68,000 रुपए के 94 रेलवे टिकट बरामद किए गए हैं और आगे की जांच पड़ताल की जा रही है. कल्याण सीआईबी इंस्पेक्टर सुनील शर्मा से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे के टिकटों का अवैध व्यवसाय करने वालों के विरुद्ध मध्य रेल के मुम्बई डिवीजन में मंडल सुरक्षा आयुक्त ऋषि शुक्ला के मार्गदर्शन में मुहिम चलाई गई. इस बीच सूचना मिली कि कामत मेडिकल के सामने दूध डेरी व्यवसाय की आड़ में रेल टिकटों की कालाबाजारी चल रही है. हर सीट पर 500 से 1000 रुपये कमीशन लिया जा रहा है. जांच के आधार पर छापा मार कर सुनील दुबे को गिरफ्तार किया गया.

# मोबाइल, टीवी व कम्प्यूटर से हो रही आँखें खराब: डॉ मनीष श्रीवास्तव

## विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस



**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी (उपासना एजुकेशन ट्रस्ट) में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जनरल ड्यूटी असिस्टेंट और मेडिकल लैब टेक्नीशियन कोर्स के विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी शिक्षा दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ रायपुर के डॉ मनीष श्रीवास्तव थे। अध्यक्षता अरपा रेडियो की डायरेक्टर संज्ञा टंडन थीं।

डॉ मनीष श्रीवास्तव ने इस अवसर पर बताया कि आज कल बच्चों में आँसू न आने की शिकायत बहुत देखी जाती है। इसका कारण मोबाइल का बहुत अधिक उपयोग है जो बच्चो में स्कविंट रोग को भी बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि जी 20-20-20 का उपयोग करके किस प्रकार आंखो की बीमारियों एवम विकिरणों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिगरेट स्मोकर फेफड़ों के बचाव के लिए व्हिसील एवम बांसुरी का उपयोग कर सकते हैं। अरपा रेडियो की संचालिका संज्ञा टंडन ने कहा की अच्छे स्वास्थ्य के लिए आंखो का सुरक्षित रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज अधिक से अधिक लोग सेकंड हैंड स्मोकर हैं जिनकी वजह से हम संपर्क में आते है। कार्यक्रम का संचालन अरपा रेडियो से मातृका साहू ने किया। कार्यक्रम के अंत मे विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी की सचिव संध्या चंद्रसेन ने सबका धन्यवाद प्रकट किया। कार्यक्रम में विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मिंटू अरोरा , सचिव संध्या चंद्रसेन, मनीषा सैमुअल एवम संस्था के छात्राएं उपस्थित थे।

## कैंसर, हार्ट की बीमारियों के लिए एक टीका, बचेगी लाखों लोगों

## अब तक के प्रयोग जबरदस्त

खबर के अनुसार, एक प्रमुख प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि कैंसर, हार्ट की बीमारियों और ऑटोइम्यून बीमारियों और अन्य स्थितियों के लिए टीके 2030 तक तैयार हो जाएंगे. इन टीकाकरणों के अध्ययन भी जबरदस्त रिजल्ट दिखा रहे हैं .




फार्मास्युटिकल कंपनी मॉडर्ना के मुख्य चिकित्सा अधिकारी पॉल बर्टन ने कहा कि उनका मानना है कि फर्म सभी प्रकार के रोग क्षेत्रों के लिए कम से कम 5 वर्षों में इस तरह के उपचार की पेशकश करने में सक्षम होगी. रिसर्चर्स ने कहा कि 15 वर्षों की प्रगति को 12 से 18 वर्ष में हासिल कर लिया गया है .

भारत ही नहीं पूरी दुनिया में लोग कैंसर जैसे खतरनाक रोग और दिल से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित हैं. इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार भारत में अकेले वर्ष 2022 तक कैंसर रोगियों की संख्या 14.61 लाख पर पहुंच गए हैं. वहीं कोरोना के बाद से हार्ट से मौतों कस संख्या में इजाफा हुआ है लेकिन इस टेंशन के बीच कैंसर और हार्ट की बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए एक अच्छी खबर है. अमेरिका के विशेषज्ञों ने बताया कि कैंसर, हृदय रोग के लिए टीके दशक के अंत तक तैयार हो जाएंगे. कैंसर सहित कई स्थितियों के लिए नए टीकों के एक महत्वपूर्ण सेट से लाखों लोगों की जान बचाई जा सकती है.

**कोरोना वैक्सीन बना चुकी है फर्म**

रिपोर्ट के अनुसार कोरोना वायरस बैक्सीन बनाने वाली फर्म कैंसर के टीके विकसित कर रही है जो विभिन्न प्रकार के ट्यूमर को टार्गेट करते हैं. बर्टन ने कहा कि हमारे पास वह टीका होगा और यह अत्यधिक प्रभावी होगा और यह लाखों लोगों की जान बचाएगा. मुझे लगता है कि हम दुनिया भर के लोगों को कई अलग - अलग ट्यूमर प्रकारों के खिलाफ व्यक्तिगत कैंसर के टीके देने में सक्षम होंगे.



समर्थ सद्गुरु फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गौतम जी ने ग्लोबल कैंसर को विकलांगता की श्रेणी में लाने के लिए सतना के सांसद श्री गणेश सिंह जी के साथ मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन दिया हमें विश्वास है कि आने वाले दिनों में हमें कैंसर मरीजों को विकलांगता की श्रेणी में लाने का प्रयास सफल होगा.



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# सरकार को नहीं घेरा जा सकता

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार जिस तरह अपनी इस बात पर कायम हैं कि अदाणी मामले की जांच करने में जेपीसी के स्थान पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित समिति ज्यादा प्रभावी होगी, उससे कांग्रेस और विशेष रूप से राहुल गांधी को झटका लगना तय है। यह राहुल गांधी ही हैं, जो बढ़चढ़कर अदाणी मामले को तूल देने में लगे हुए हैं। कांग्रेस इसी मामले को लेकर विपक्षी दलों को एकजुट करने की भी कोशिश कर रही है, लेकिन शरद पवार के कथन से यह साफ है कि वह इसे ऐसा मुद्दा नहीं मानते, जिस पर सरकार को घेरा जा सके। यह उल्लेखनीय है कि उन्होंने हिंडनबर्ग की उस रिपोर्ट पर भी सवाल खड़े किए, जिसने अदाणी समूह पर आरोप लगाए हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी केवल महाराष्ट्र में ही कांग्रेस की सहयोगी नहीं है, बल्कि वह संप्रग का घटक भी है। कांग्रेस के नेता भले ही शरद पवार के वक्तव्य को उनका निजी बयान बताएं, लेकिन सच तो यही है कि उन्होंने कांग्रेस की ओर से उछाले जा रहे मुद्दे की हवा निकाल दी है। आखिर कांग्रेस के नेता किसी अन्य दल के नेता के कथन को उसका निजी बयान कैसे करार दे सकते हैं?


शरद पवार केवल अपने दल के प्रमुख ही नहीं, बल्कि विपक्षी दल के नेताओं में एक बड़ा नाम भी हैं। उन्होंने जो कुछ कहा, उसे आसानी से खारिज नहीं किया जा सकता। इसलिए और भी नहीं, क्योंकि उनकी इस बात में दम है कि जेपीसी जांच के मुकाबले सुप्रीम कोर्ट की समिति की जांच कहीं अधिक प्रभावी होगी। जेपीसी में केवल सत्तारूढ़ दलों के नेताओं की अधिकता ही नहीं होगी, बल्कि उसका प्रमुख भी सत्ताधारी दल से होगा। इसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि अभी तक जेपीसी जांच का अनुभव कोई बहुत अच्छा नहीं रहा। उसने जिन मामलों की जांच की, उनमें या तो वह किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी या फिर उसकी ओर से ऐसी रिपोर्ट दी गई, जो आधी-अधूरी रही। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि कांग्रेस अदाणी मामले की जेपीसी से जांच की मांग पर इसीलिए बल दे रही है ताकि इस मसले को आगामी आम चुनाव तक राजनीतिक रूप से गर्म रखा जा सके। शरद पवार ने न केवल उसके इरादों पर पानी फेरने का काम किया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि वह जेपीसी के बजाय सुप्रीम कोर्ट की समिति से जांच के पक्षधर क्यों है? उनके कथन के बाद कांग्रेस के लिए अदाणी मामले को लेकर विपक्ष को एकजुट करना और कठिन हो जाए तो हैरानी नहीं। वास्तव में कांग्रेस की समस्या यही है कि वह ऐसे मुद्दों का चयन नहीं कर पा रही है, जिनके जरिये सरकार को घेरा जा सके और साथ ही जनता का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया जा सके।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**सीखड,** रविवार को पंचायत भवन सीखड़ पर एस एस पाली क्लीनिक के सौजन्य से मेट्रो ऋषिदेव हॉस्पिटल वाराणसी द्वारा हॉस्पिटल के ओनर डॉ वरूण पाठक ने बताया कि हॉस्पिटल के द्वारा प्रति वर्ष ऐसा कैंप आसपास के जनपदों के विभिन्न



निशुल्क कैंप आयोजित किया गया कैम्प में गरीब परिवार के लोगों का ब्लड प्रेशर, सुगर, वीपी इत्यादि रोगो का जांच किया गया तदोपरांत एक सप्ताह के लिए दवाईयां भी फ्री में वितरित किया गया। कैंप में कुल 230 मरीज पहुंचे जिसमें से 180 मरीजों को मुफ्त ओपीडी सुविधा के साथ हीं जांच के रोगानुसार दवाए वितरण किया गया।साथ में हॉस्पिटल के तरफ से जांच कराने वाले लोगों का एक कार्ड भी बनाया गया है जिससे उनको अगले एक साल तक कोई भी बिमारी होने पर इलाज में 20 प्रतिशत की छूट भी उपलब्ध कराई जाएगी। क्षेत्रों में आयोजित किया जाता है जिससे गांव के गरीब परिवार के मरीजों का मुफ्त में इलाज किया जाता है। कैंप में हास्पिटल से आए न्यूरो सर्जन डॉ पी एस वर्मा, प्लास्टिक सर्जन डॉ ए के प्रधान, गायनकोलॉजिस्ट डॉ पूजा पटेल बीएचयू से मेडिसिन में एमबीबीएस एमडी डॉ विनय सिंह पटेल द्वारा मरीजों का इलाज किया गया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि चन्द्रवली यादव, अभयराज मिश्रा, कौशलपती त्रिपाठी,राजन दुबे, मनोज सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य सूरज मौर्या, सहित सैकड़ों ग्रामीण जनता मरिज उपस्थित रहे।



आजाद हाईस्कूल आजाद नगर मुरारा,मुफ्तिगंज,जौनपुर में रविवार दिनांक 09/04/2023 को प्रथम शुद्ध चक्रवर्ती सम्राट महापद्मनंद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।इस दौरान महापद्मनंद कम्यूनिटी एंप्लाई एसोसिएशन,मास और माप के संस्थापक मान्यवर जे पी शास्त्री साहब बतौर मुख्य अतिथि और माप प्रदेश महासचिव श्री राम बहादुर शर्मा बतौर विशिष्ठ अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।जयंती कार्यक्रम के उपरान्त मुख्य अतिथि मान्यवर जे पी शास्त्री साहब द्वारा उपस्थित लोगों को संविधान संवत मौलिक अधिकारों के संदर्भ में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।इस दौरान मान्यवर साहब द्वारा सहकारी समिति कालीचाबाद जौनपुर अध्यक्ष पद पर निर्विरोध जीत हासिल करने वाले जिला केटीएस संचालक डा0 अनिल शर्मा जी को सम्मानित कर उनका सामाजिक/राजनीतिक उत्साहवर्धन किया गया।

# मुलुंड में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह पुर्वक संपन्न

**मुंबई-** सेठ नानजी भाई ठक्कर ठाणावाला, श्री मां राधाकृष्ण जय भगवान चैरिटेबल ट्रस्ट, श्री महालक्ष्मी महिला ग्रुप (नीता बेन जोशी) द्वारा श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन सारस्वत वाडी,झवेर रोड,मुलुंड प.पर समारोह पुर्वक संपन्न हुआ।



इस ज्ञान यज्ञ में आचार्य के रूप में श्री दीपक नवीन जोशी विराजमान रहे, तथा प्रमुख वक्ता के रूप में पुज्य बहन नमस्वी भुताणी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रवचन बहुत ही सुंदर ढंग से किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सहयोग प्रदान करने वाले महानुभाव राजेश भाई अनम, महेंद्र भाई चंदन, डॉ बाबुलाल सिंह, कैलाश पाटील, डॉ.सचिन सिंह, चंदु भाई भानुशाली, बिपीन भाई कोटक, अंबाजी धाम के कन्हैया महाराज, दिनेशभाई, महालक्ष्मी महिला ग्रुप की कार्यकारिणी सदस्य का सत्कार नानजी भाई ठक्कर, ठाणावाला ने शाल एवम भेंट वस्तु प्रदान कर किया।

आयोजक महालक्ष्मी महिला ग्रुप की अध्यक्षा नीता बेन जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस ज्ञान यज्ञ श्रवण में रोजाना हजारों भक्तों की भारी भीड उमडती रही।



राऊ, इंदोर निवासी, mp, महाराष्ट्र के सेन समाज के जेष्ठ मार्गदर्शक, नारायणी सेना के संरक्षक, ओंकारेश्वर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, भावी अध्यक्ष, मेरे स्नेही, मार्गदर्शक श्री मोहनलाल जी चांगल व सौ भाभीजी इन्हें विवाह वर्ष गांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं बधाई एवं अभिनन्दन।।
आप लक्ष्मीनारायण हरपल येसेहि hastmukh, समृद्ध निरोगी रहें यहीं सेन, गजानन महाराज के चरण में प्रार्थना।।
अशोक लालचंद पवार
अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन।।
सभी मान्यवर पदाधिकारी।।



भुसावल निवासी, एडवोकेट आदरणीय श्री पुखराजजी राठोड इनका पोता,श्री निलेशजी राठोड का छोटा पुत्र स्व. आयुषजी के अकस्मात निधन पर राष्टीय संघटन श्री नारायणी सेना महाराष्ट्र प्रदेश के सभी मान्यवर पदाधिकारी कि और से भावभिनी श्रध्दांजली अर्पण करते है।



सेन समाज के जेष्ठ मार्गदर्शक, नाशिक ट्रस्ट के पुर्व लोकप्रिय अध्यक्ष, सबके चहते, समाज को जोडने के कार्य में अग्रसर, स्वर्गीय मदन जी पवार व उनके आदर्श मातोश्री गिता बाई बाबुलालजी पवार के मोसर गंगा प्रसादी पर समाज के मान्यवर।। सुत्र संचलन जेष्ठ मार्गदर्शक बालासाहेब भाटी सर, प्रताप पवार इन्होंने कीया। पवार परिवार ने पेट पगड़ी कर, कोई लेन देन नहीं की, यह निर्णय समाज के हित में हैं।।



# लिंग आधारित हिंसा के प्रति जागरूकता जरूरी- संज्ञा टंडन

## अरपा काम्युनिटी रेडियो, 90.8 एफएम द्वारा हिंसा पर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान






**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** लिब्रा वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा संचालित अरपा कॉम्युनिटी रेडियो, 90.8 एफएम की ओर से लिंग आधारित हिंसा पर जागरुकता कार्यक्रम हिंसा को नो चलाया जा रहा है। स्टेशन हेड संज्ञा टंडन ने बताया कि लिन्ग आधारित हिन्सा से केवल एक महिला ही प्रभावित नहीं होती बल्कि ये पूरे समाज को प्रभावित करता है। इसिलिये इस विषय के प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है। यह प्रोजेक्ट दिल्ली के स्मार्ट एनजीओ द्वारा अरपा रेडियो सहित देश भर के 9 सामुदायिक रेडियो स्टेशन के साथ शुरू किया गया है। इस प्रोजेक्ट के तहत अरपा रेडियो द्वारा 5 गांवों 25-25 महिलाओं के साथ मिलकर लिंग आधारित हिंसा के प्रति जागरुकता कार्य किये जा रहे हैं । ये गांव हैं जलसो, सेंदरी, गतौरी, सेमरा और सेमरताल। इन गांवों का मोर्चा सम्हालने पांच महिला सुपरवाइजर भी नियुक्त की गई हैं जो हर हफ्ते गांव में नेरोकास्ट करेंगी और लोगों को इस विषय पर अन्य जानकारियां भी देंगी। इसके लिए सभी सुपेरविजर्स को रेडियो सेट भी प्रदान किए गए हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति हिन्सा में हो रही वृद्धि को रोकना और उसे कम करना होगा। कार्यक्रम के माध्यम से सखी व स्टॉप सेन्टर और महिला हेल्पलाइन नम्बर का प्रचार किया जा रहा है ताकि हिंसा पीड़ित महिलाओं को सभी प्रकार का सहयोग प्रदान किया जा सके और घरेलू हिंसा की वजह से समाज में व्याप्त डर को भी समाप्त किया जा सके। अरपा रेडियो की तरफ से इस कार्यक्रम का संचालन रेहाना तबस्सुम और मातृका कर रही हैं। सुपेरवीसर्स के रूप में सेंदरी से प्रियंका यादव, ग्राम गतौरी से रजनी यादव, ग्राम सेमरताल से रंजिता, ग्राम सेमरा से रजनी साहू , ग्राम जलसों से रानु अग्रवाल कार्य कर रही हैं। विगत दिनों इस कार्यक्रम के संचालन हेतु स्मार्ट एनजीओ दिल्ली से कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर आस्था एवं लक्ष्मी द्वारा प्रत्येक गाँव में जाकर ट्रेनिंग दी गई।

# वर्ल्ड हेल्थ डे पर नोएडा में फ्री हेल्थ चेकअप का आयोजन, 250 से ज्यादा मरीजों ने उठाया लाभ

**अजय शास्त्री**

नॉएडा, एनसीआर, समाज सेवा भी कई तरह की होती है, कोई तन से करता है, कोई मन से करता है, कोई धन से करता है तो कोई निस्वार्थ भाव से करता है। जी हाँ, ऐसे ही निस्वार्थ भाव से डॉ. अभिषेक कंचन द्वारा बुटीक इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड (गवर्नमेंट कंपनी) के बैनर तले 'वर्ल्ड हेल्थ डे' के शुभावसर पर ह्यफ्री हेल्थ चेकअपह्न का आयोजन करके पुण्य का काम किया है और निस्वार्थ भाव से मरीजों का मुफ्त चेकउप करके मरीजों का आशीर्वाद और दुआएं प्राप्त की है। इस मौके पर दांतों के स्पेशलिस्ट डॉ. अभिषेक कंचन (डेंटिस्ट), डॉ. संदीप (ऑडिओमेट्री), डॉ. अक्षय चौहान (फिजिशियन), डॉ. विवेक (आई स्पेशलिस्ट), डॉ. आकांक्षा ने मरीजों का चेकउप किया। आयोजन के दौरान बुटीक इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड (गवर्नमेंट कंपनी) के मालिक डॉ. रोशन वर्मा ने सभी डॉक्टर्स का धन्यवाद करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।






वित्त विहीन एवं प्राइमरी ल्ला जूनियर स्कूल एकता संघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अजय कुमार शर्मा का नई दिल्ली एवं पंजाब राज्य का चार दिवसीय दौरे में आज 10 अप्रैल को प्रधानमंत्री के नई दिल्ली में संसद भवन स्थित कार्यालय में ज्ञापन देकर माँग किए कि जिन विद्यालय का 30 प्रतिशत मिला है और जिनका कुछ भी नही मिला है उन सभी विद्यालयों को पूरी पूरी धनराशि देने की मांग की

# समन्वय साहित्य परिवार के वार्षिक समारोह का आयोजन

## स्थानीय बोली में लेखन करें- डॉ. महंत

**रायपुर, छत्तीसगढ़।** साहित्यिक संस्था समन्वय का वार्षिकोत्सव सिविल लाइन रायपुर स्थित वृंदावन सभागृह में आयोजित हुआ।इसमें मुख्य अतिथि डॉ ललित मखीजा, विशिष्ट अतिथि हीरानंद हरीरमानी तथा अध्यक्ष डॉ एम के ठाकुर रहे। कार्यक्रम में संस्थापक डॉ बलराम ने 28 वर्षों की साहित्य यात्रा का विस्तार से उल्लेख किया।प्रांतीय अध्यक्ष डॉ डी डी महंत ने छत्तीसगढ़ी भाषा के साहित्य सृजन यात्रा पर प्रकाश डाला तथा श्रोताओं को स्थानीय बोली में लेखन करने हेतु प्रेरित किया। डॉ चितरंजन कर तथा शशि दीप ने सारगर्भित उद्घोषणा दी। वार्षिक पत्रिका के विमोचन उपरांत राज्य के सात कला साधकों को समन्वय रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। इनमें डॉ जीएल अरोरा, डॉ जीडी पटेल (पुष्कर), डॉ मनीष शरण, डॉ केके अग्रवाल, जयंत थोराट, मोहन लाल डहरिया ,तथा राजेश चौहान प्रमुख हैं। नवोदित कवियों व लेखकों द्वारा काव्यपाठ किया गया। मंच संचालन एम के श्रीवास तथा डॉ प्रीति प्रसाद ने किया।




राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
कदम कदम पर
संरक्षक
जे.पी. शर्मा
संपादक
छोटेलाल शर्मा
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
अनिल शर्मा
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)
राजन शर्मा
आर्थिक सलाहकार
सतीशचंद्र गुप्ता
प्रतिनिधि
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा
कानूनी सलाहकार
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. ९४५२७९१५७०
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# केडीएमसी कर रही लोगों के जान के साथ खिलवाड़...

# चला रही अनफिट 3 बसें

**कल्याण :** आरटीओ की टीम केवल रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई करती है, लेकिन कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका की परिवहन सेवा में कई अनफिट बसों की उपेक्षा करती हैं। जिनका टैक्स, पीयूसी, बीमा, फिटनेस प्रमाण पत्र समाप्त हो गया है और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। इस संबंध में बीजेपी परिवहन संघ ने परिवहन आयुक्त का ध्यान आकर्षित किया है और केडीएमसी की परिवहन बसों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बीजेपी परिवहन संगठन के मुख्य मार्गदर्शक मल्हारी गायकवाड़, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष विल्सन कालपुंड के मार्गदर्शन में कल्याण पश्चिम अध्यक्ष चंद्रकांत वडतिले ने परिवहन आयुक्त महाराष्ट्र राज्य, केडीएमसी आयुक्त और उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कल्याण को पत्र भेजा है।



परिवहन विभाग द्वारा जारी रिक्शा लाइसेंस के लिए कहा हैं। वहीं यह रिक्शा टैक्सी चालक कर की किस्तों का भुगतान करके अपने वाहन को यथासंभव ठीक रख रहा है। लेकिन आरटीओ का भरारी दस्ता रिक्शा टैक्सी चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। मोटर वाहन कानून अधिनियम 1988 यथासंशोधित 1989 के अनुसार कानून सबके लिए समान होने के बावजूद, कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका की परिवहन बसों ने टैक्स का भुगतान नहीं किया। कोई पीयूसी नहीं, बीमा खत्म हो गया है। सबसे खास बात यह है कि उनके वाहनों का क्वालिफिकेशन सर्टिफिकेट एक्सपायर हो चुका है। इससे यात्रियों की जान को भी खतरा रहता है।

इसके बावजूद परिवहन विभाग द्वारा इनकी अनदेखी की जा रही है। एक रिक्शा चालक किसी तरह परिवार की रोजी-रोटी चला रहा है और अपने वाहन को व्यवस्थित कर रहा है। कोरोना के दौरान भी सरकार ने रिक्शा चालकों की कोई मदद नहीं की है। लेकिन सरकार इस परिवहन सेवा में मदद कर रही है।

## भावपूर्ण श्रद्धांजली



**श्री अक्षयबर राम शर्मा**

निधन - 09/04/2023

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

ओम शांति!!



दिनांक 8/04/2023 को चौरे बाजार सुल्तानपुर में आयोजित सम्राट महापद्मनंद जयंती समारोह में मुख्य अतिथि मौलिक अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा0जेपी शास्त्री जी, प्रदेश महासचिव राम बहादुर शर्मा, प्रदेश सचिव अरविंद जायसवाल जी, मुख्य संगठन सचिव सुरेश कुमार बौद्ध जी, उपस्थित रहे।






जनपद अयोध्या के जमौली, चौरे बाजार स्थित कार्तिक मैरेज लॉन में नन्द वंशीय शोध संस्थान के तत्वावधान में दिनांक 08-4-2023 दिन शनिवार को प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महापद्म नन्द जी की जयन्ती तथा ह्यनन्द वंशीय समाज - कल , आज कलह्न विषयक संगोष्ठी पर प्रबुद्ध वर्ग महासम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें मुझे भी इस महासम्मेलन की अध्यक्षता करने का सु-अवसर प्राप्त हुआ । संचालन श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा तथा श्री लाल बहादुर शर्मा ने किया । इसमें तमाम नन्दवंशीय प्रबुद्ध लोगों के साथ ही कई राजनीतिज्ञों ने भी प्रतिभाग किया । महासम्मेलन की कुछ झलकियां प्रेषित हैं । आप सभी को जय नन्द ! आदित्य नारायण सेन, प्रयागराज ।

# नेक पहल : वृद्धाश्रम के वृद्ध भी रहेंगे चेहरे से से नीट एंड क्लीन

## हर पंद्रह दिन पर बाल व दाढ़ी बनाने का सुरेश कुमार शर्मा ने लिया संकल्प

## परिवार की फिक्र न कर समाजसेवा में लगे हैं सुरेश कुमार शर्मा

## खासतौर पर रविवार को हर सैलून वाले करते हैं अच्छी कमाई

**जौनपुर। संवाददाता**

नगर के सैयदअलीपुर मोहल्ला स्थित वृद्धाश्रम के वृद्ध अब चेहरे से रहेंगे नीट एंड क्लीन। क्योंकि समाजसेवी सुरेश कुमार शर्मा ने संकल्प लिया है कि हर पंद्रह दिन पर निःशुल्क इन वृद्धों की दाढ़ी व बाल को सुसज्जित करेंगे। वैसे तो इन असहायों की सेवा के लिए कई संस्थाएं वस्त्र, भोजन के लिए आगे आए, लेकिन वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों के चेहरे की सुंदरता पर किसी का ध्यान नहीं पड़ा।

जानकारी के अनुसार नाई समाज में अधिकांश लोगों का रोजी-रोटी सैलून के जरिए चलती है। सोमवार, बुधवार, शुक्रवार तो आम बात है, लेकिन रविवार को बाल-दाढ़ी बनवाने का एक अलग ही दिन होता है। शहर में ऐसे तो एक से बढ़कर एक सैलून हैं जहां पर बाल,दाढ़ी, मसाज के नाम पर पांच सौ से हजार रुपए तक चार्ज होता है। लेकिन सामान्य तौर पर चाहे छोटी दुकान हो या फिर गुमटी बाल-दाढ़ी का रेट 70 रुपए है। रविवार के दिन सैलून संचालक सुबह से ही दुकान खोल देते हैं।

वाजिदपुर दक्षिणी निवासी समाजसेवी सुरेश कुमार शर्मा हर पंद्रह




दिन पर सैयदअलीपुर स्थित वृद्धाश्रम में वर्तमान में 26 वृद्ध व 27 वृद्धा हैं। सुरेश कुमार शर्मा वृद्धों का दाढ़ी, बाल बनाकर उन्हें सुसज्जित करेंगे। वैसे तो सुरेश कुमार शर्मा जहां मौका मिलता है मदद को पहुंच जाते हैं। हालांकि इनकी आमदनी का जरिया सिर्फ सैलून ही है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि सैलून संचालक जहां अपनी दुकान पर रोजी-रोटी के लिए सुबह से दुकान खोल लेते हैं। वहीं पर सुरेश कुमार शर्मा निःशुल्क वृद्धाश्रम में वृद्धों को संवारने का संकल्प लिया है। इस संबंध में वृद्धाश्रम के संचालक रवि चौबे ने कहा कि इन असहायों के लिए कोई भी चाहे जिस तरह की मदद कर सकता है। पारिश्रमिक की तौर पर कुछ नहीं दिया जाता है। स्वेच्छा से चाहे जिस प्रकार की मदद कर सकते हैं। सुरेश कुमार शर्मा ने अभी कुछ दिन पहले भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के नेतृत्व में फल वितरण भी किया गया था। सुरेश कुमार शर्मा पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना एक अलग पहचान भी बनाई है। वर्तमान में सुरेश कुमार शर्मा इस समय पत्रकार एकता संघ में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। और भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति में जिलाध्यक्ष भी है।

# मुंबई पुलिस ने रैपर के खिलाफ दर्ज किया मामला

## उमेश खाडे ने गाया था 'जनता भोंगली केली' गाना

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने रैपर उमेश खाडे के खिलाफ 'सरकार विरोधी' गाने को लेकर मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि मुंबई पुलिस ने रैपर उमेश खाड़े के खिलाफ कथित रूप से सरकार और प्रशासनिक व्यवस्था के खिलाफ गाना गाने के लिए मामला दर्ज किया है।

**अब तक दो रैपर पर मामला दर्ज**

इसके साथ ही महाराष्ट्र पुलिस ने सरकार को निशाना बनाने के आरोप में एक सप्ताह में दो अलग-अलग रैपर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ताजा मामले में मुंबई पुलिस की क्राइम इंटेलिजेंस यूनिट के एक अधिकारी ने शिकायत दर्ज कराई है।

**'जनता भोंगली केली' गाने को लेकर मामला दर्ज**

अधिकारी ने कहा कि शिकायत के आधार पर मुंबई के वडाला इलाके में रहने वाले रैपर उमेश खाडे के खिलाफ शुक्रवार को उनके गाने 'जनता भोंगली केली' (लोगों की पीड़ा का जिक्र) के लिए ऋक्कफ्र दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि उमेश खाडे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शंभो नाम के अकाउंट पर गाना अपलोड किया था और यह गाना तेजी से वायरल हो गया।

**उमेश खाडे पर इन धाराओं में FIR दर्ज**



उमेश खाडे के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 504 (शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान), 505 (2) (वर्गों के बीच दुश्मनी, घृणा या दुर्भावना पैदा करने वाले बयान) और धारा 67 (प्रकाशन या प्रसारण) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने उन्हें गुरुवार को पूछताछ के लिए बुलाया था और बाद में जाने दिया गया।

**रैपर को दिया पुलिस ने नोटिस**

अधिकारी के अनुसार, शुक्रवार को ऋक्कफ्रदर्ज होने के बाद खाडे को एक नोटिस दिया गया, जिसमें कहा गया कि जब भी जरूरत हो वह जांच अधिकारी के सामने पेश हों। उन्होंने कहा कि रैपर को गिरफ्तार नहीं किया गया है। बता दें कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता जितेंद्र आव्हाड ने एक ट्वीट में कहा था कि खाडे के गाने में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। अधिकारी ने कहा कि इससे पहले ठाणे जिले की अंबरनाथ पुलिस ने बुधवार को रैपर राज मुंगसे के खिलाफ उनके गाने के लिए मामला दर्ज किया था, जिसमें महाराष्ट्र में शिवसेना-भाजपा सरकार को कथित रूप से अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए निशाना बनाया गया था।

## महाराष्ट्र में मधुमक्खियों का आतंक

# चंद्रपुर में टूरिस्टों पर किया हमला, 2 की मौत और 5 घायल

**चंद्रपुर.** महाराष्ट्र के चंद्रपुर में शनिवार को मधुमक्खियों का आतंक देखने को मिला. पर्यटन के लिए जंगल में गए टूरिस्टों मधुमक्खियों ने हमला कर दिया जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई और 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. मिली जानकारी के अनुसार, घायलों में महिला और एक छह महीने का बच्चा शामिल है. मृतकों की पहचान नागपुर निवासी अशोक विभीषण मेंढे (62) और गुलाबराव पोचे (58) के रूप में हुई है. अधिकारियों ने बताया कि ये घटना शनिवार को तलोधी बालापुर वन क्षेत्र में गोविंदपुर क्षेत्र में शनिवार को दोपहर



में हुई. वनविभाग और पुलिस ने पिछली रात सर्च ऑपरेशन चलाया. गुलाबराव राव नमक शख्स को गंभीर अवस्था में पहाड़ी से नीचे उतारा गया, हॉस्पिटल जाते समय उसकी मौत हो गई. मधुमक्खी के डंक से अशोक मेंडे पहाड़ की चोटी पर मृत पाए गए. वन विभाग ने बताया कि यहां कई बार मधुमक्खियों के हमले पहले भी हो चुके हैं. बार-बार मना करने के बावजूद भी कुछ टूर एंड ट्रेवल्स की ओर से यहां पर्यटकों को लाया जाता है. हालांकि, इस गंभीर घटना को देखते हुए फिलहाल परजागढ़ क्षेत्र को वन विभाग और पुलिस द्वारा पर्यटन के लिए बंद कर दिया गया है. नागपुर की एक टूरिस्ट कंपनी ने मॉर्निंग सनराइज और नाइट कैंप, नाइट डांसिंग और नाइट माउंटेन ट्रेकिंग का लालच देकर यहां नाइट कैंप लगाया था. वन विभाग ने बताया कि यहां कई बार बाघ, तेंदुआ, भालू, मधुमक्खी जैसे खतरनाक जानवर को देखा गया है.

# मुंबई से 65 लाख रुपए के गहने चुरा लाया नौकर : आगरा में आकर बेच दिए, मुंबई पुलिस ने माल समेत नौकर और ज्वेलर्स को किया अरेस्ट

**मुंबई :** मुंबई से 1 नौकर मालिक के घर से करीब 65 लाख रुपए के हीरे और सोने के गहने चुरा लाया। आगरा में दोस्तों की मदद से माल को ज्वेलर्स को बेच दिया। मुंबई पुलिस ने आगरा के शाहगंज क्षेत्र से माल समेत नौकर, ज्वेलर्स और साथियों को अरेस्ट कर लिया है। मुंबई के दादर निवासी विष्णु गुप्ता और उनकी पत्न ी प्रभा गुप्ता परिवार लोगों के साथ सिलगुड़ी किसी शादी समारोह में गए थे। घर की जिम्मेदारी नौकर हंसपुरी गोस्वामी को दे गए।

हंसपुरी गोस्वामी पिछले 5 वर्ष से यहां नौकर था और उसने पूरे परिवार को भरोसा जीत लिया था। परिवार जब 2 दिन के लिए बाहर चला गया



तो मौका पाते ही नौकर ने घर में रखे करीब 65 लाख रुपए के हीरे-सोने के जेवरात चोरी कर लिया और मुंबई से आगरा आ गया। इंस्टाग्राम पर आगरा के 3 लोगों से उसकी दोस्ती हो गई थी और उनकी मदद से उसने शाहगंज क्षेत्र में एक ज्वेलर्स को माच बेच दिया।

**आरोपियों को लेकर मुंबई पुलिस थाना शाहगंज पहुंची**

मुंबई पुलिस ने पहले राजकोट गुजरात निवासी नौकर हंसराज गोस्वामी को अरेस्ट किया। इसके बाद उस ज्वेलर्स के यहां पहुंची, जहां उसने माल बेचा था। पुलिस बेचा हुआ माल बरामद कर लिया है। साथ ही माल बेचने में नौकर की मदद करने वाले 2 साथी और पकड़े हैं। सभी आरोपियों को लेकर मुंबई पुलिस आगरा के थाना शाहगंज लेकर गई है। मुंबई निवासी विष्णु गुप्ता की आगरा में भी रिश्तेदारी है। जानकारी होने पर रिश्तेदार भी थाना शाहगंज पहुंच गए।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com